RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 331

हिसार | मंगलवार, 27 फरवरी, 2024

फोन : 98964-72584, 92552-73410

मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ ६

## बीजापुर में मुठभेड़ : सुरक्षाबलों ने 4 नक्सलियों को किया ढेर

**पाठकपक्ष न्यूज, नई दिल्ली, 27 फरवरी :** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला बीजापुर में मुठभेड़ की खबर सामने आ रही है। खबर है कि सुरक्षाबलों ने चार नक्सलियों को ढेर कर दिया है। वहीं अब तक सिर्फ एक नक्सली का शव बरामद किया है।

CA-Foundation
Rapid Batch
For June Attempt.
Starting from
26 Feb. 2024
Paras Result
80%-90%
Tanu Sharma
351/400
PARAS CA
INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD.
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
98961-62844

Best Exchange Value For Old Gold
100% Satisfaction of Design Purity & Price
श्री सच ज्वैलर्स
32, Luxmi Market Pull Teliyan, Hisar (Haryana)
M.: 9138501407
sachjewellers716@gmail.com
Shree Sach Jewellers

## विपक्ष ने अपनी हार स्वीकार कर ली है, हर तरफ मेरे तीसरे कार्यकाल की हो रही चर्चा : पीएम मोदी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 27 फरवरी :** प्रधानमंत्रीन नरेंद्र मोदी आज केरल में हैं। उन्होंने तिरुवनंतपुरम में सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केरल के लोगों में एक नया उत्साह है। 2019 में केरल के लोगों के दिलों में जो 'उम्मीद' उभरी थी, वह अब 2024 में उनका 'विश्वास' बन गई है। उन्होंने कहा कि 2019 में बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए को केरल में दोहरे अंक में वोट मिले। ऐसा लग रहा है कि 2024 में केरल ने दोहरे अंक में 'सीटें' देने का फैसला कर लिया है। कुछ महीनों बाद क्या होने वाला है, यह अब कोई रहस्य नहीं रह गया है। 2019 में, शहर में चर्चा थी 'फिर एक बार, मोदी सरकार'; 2024 में हर तरफ चर्चा का विषय है 'अबकी बार, 400 पार'।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि विपक्ष ने आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी हार स्वीकार कर ली है। उसके पास भारत के विकास का कोई रोडमैप नहीं है। इसका केवल एक ही एजेंडा है- मोदी को श्राप दो। केरल ऐसे लोगों के साथ कभी खड़ा नहीं होगा। केरल भाजपा और एनडीए को आशीर्वाद देगा। उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि मोदी आपकी आकांक्षाओं और सपनों को हकीकत में बदलने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। और, ये है मोदी की गारंटी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी भी भारत के किसी भी राज्य को वोट बैंक की नजर से नहीं देखा। जब केरल में भाजपा मजबूत नहीं थी, तब भी हमने केरल को सशक्त बनाने के लिए दिन-रात काम किया।

## हरियाणा से 219 युवा जाएंगे इजराइल, 8169 में से हुए चयनित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 27 फरवरी :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बजट सत्र के दौरान मंगलवार को विधानसभा में कहा कि हरियाणा सरकार के सभी विभागों का डाटा ऑनलाइन होगा। अब उसे रिकॉर्ड रूम बनाकर प्रदेश और जिला स्तर पर डिजिटल के तौर पर रखा जाएगा। मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा कौशल रोजगार निगम द्वारा रखे जाने वाले कर्मचारियों में अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग से संबंधित आरक्षण का पूर्ण अनुपालन किया जा रहा है। नए प्रावधान एचकेआरएन के माध्यम से एक बार चयन होने के बाद सरकारी विभाग द्वारा युवाओं को ज्वॉइन करवाना अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि 219 युवाओं का चयन इजराइल में रोजगार के लिए



हुआ है। इजराइल में रोजगार के लिए 8169 युवाओं ने आवेदन किया था, जिसमें से 1909 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया और 219 युवाओं का चयन हुआ। इन युवाओं को 1 लाख रुपये से अधिक वेतन मिलेगा। सरकार एससी और बीसी के लिए आरक्षित 20 और 27 प्रतिशत का पूरा ध्यान रख रही है। यदि पहली भर्ती में आरक्षण की संख्या कम होती है, तो अगली भर्ती में उसे पूरा किया जाता है।

## पानीपत के उद्योगों को लाभकारी बनाने के लिए कॉमन बॉयलर लगाने पर विचार कर रही है सरकार : दुष्यंत चौटाला

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 27 फरवरी :** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि पानीपत के उद्योगों को लाभकारी बनाने के लिए कॉमन बॉयलर लगाने का सरकार विचार कर रही है। डिप्टी सीएम ने मंगलवार को सदन के एक सदस्य द्वारा पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए बताया कि चूंकि एचएसआईआईडीसी के पहले सलाहकार ने परियोजना को गैर-व्यवहार्य पाया, इसलिए एचएसआईआईडीसी ने पानीपत में सामान्य ब्रॉयलर की व्यवहार्यता अध्ययन के पुनर्मूल्यांकन के लिए आईआईटी कानपुर को नियुक्त किया है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि सर्दियों के मौसम में उच्च प्रदूषण स्तर के दौरान एनसीआर में



औद्योगिक संचालन को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी), के तहत राष्टीय राजधानी क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रोंय सीएक्यूएम, के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशों के अनुसार विनियमित किया जा रहा है। हालाँकि, अनुमोदित इंधन का उपयोग करके बॉयलरों के संचालन पर कोई प्रतिबंध नहीं है, बशर्ते उत्सर्जन सहित अन्य सभी लागू पर्यावरणीय मानदंडों का अनुपालन किया जाए।

## प्रसिद्ध समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित व्यापारी मनोज बुड़ाकिया ने भाजपा में शामिल

### भारतीय जनता पार्टी परिवार से जुड़कर मुझे अत्यंत गौरव की अनुभूति हो रही है : मनोज बुड़ाकिया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और पार्टी का नारा 'राष्ट्र प्रथम' है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने आज देश के कोने-कोने में अपना जनाधार बनाया है। यह बात प्रसिद्ध समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित व्यापारी मनोज बुड़ाकिया ने भाजपा जनता पार्टी में शामिल होने के उपरांत कही। उन्होंने निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ व पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो भी दायित्व दिया जाएगा उसे वे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। मनोज बुड़ाकिया ने कहा कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर खुशी है और अब पार्टी संगठन व देश व समाज की सेवा में अपना पूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर मौजूद मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूपवाला, जिला महामंत्री अशोक सैनी व आशीष जोशी, जिला उपाध्यक्ष रणधीर धीरू, नरेश सिंगल, दीनदयाल गोरखपुरिया, पार्षद टीनू जैन, सुरेंद्र सिंह सैनी, प्रोमिला, रोशन लाल गोयल, गोपाल खेड़ा, प्रवीण बंसल, प्रवीन केडिया, विनोद समानिया, ऋषि बुड़ाकिया, सुनीता रेड्डू, मोहित गोयल, अशोक मग्गु, पवन रावलवासिया, धर्मपाल मित्तल जी, विनोद बुड़ाकिया, हरीश बुड़ाकिया, संजीव अरोड़ा, सुशील शर्मा, सुनित सोनी, एन.के. गोयल, राजेश बंसल, योगेश मित्तल, संजय खेड़ी वाला आदि ने मनोज बुड़ाकिया के पार्टी ज्वाइन करने पर खुशी जताई।

## हरियाणा सिविल सेवा अभियंता की सीधी भर्ती में एकरूपता हेतु नियमों में संशोधन का फैसला



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 27 फरवरी :** हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सभी विभागों, बोर्डों और निगमों में उप मंडल अभियंताओं की सीधी भर्ती में एकरूपता लाने के उद्देश्य से हरियाणा सिविल सर्विसेज ऑफ इंजीनियर्स, संयुक्त भर्ती समूह-ख नियम, 2023 में संशोधन हेतु सात दिन के अन्दर सुझाव भेजने के निर्देश दिए हैं। सभी प्रशासकीय सचिवों को लिखे एक पत्र में कहा कि राज्य सरकार द्वारा यह संशोधन करने का उद्देश्य लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें), जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, सिंचाई एवं जल संसाधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायत, शहरी स्थानीय निकाय, नगर एवं ग्राम आयोजना समेत विभिन्न बोर्डों और निगमों जैसे कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंतत्रण बोर्ड, हरियाणा पुलिस आवास बोर्ड, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, हरियाणा आवास बोर्ड, जहां ऐसे पद मौजूद हैं, में उप मंडल अभियंताओं की संयुक्त लिखित परीक्षा आयोजित करना और सीधी भर्ती प्रक्रिया में एकरूपता लाना है।

eNext ICU
WHERE EVERY LIFE COUNTS
जहर पीड़ित
का तुरंत इलाज
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें
फ्री एंबुलेंस सर्विस
9050206464
7082984609
S.L. MINDA MEMORIAL HOSPITAL
काबरेल-बगला रोड, बगला- 125052

GOYAL HOSPITAL
Dr. Vikram Natraj Goyal
MBBS, MS., M.Ch. Plastic Surgery, Ahmedabad
Fellowship AOCMF NEW YORK USA
NCR व HISAR क्षेत्र में अंतराष्ट्रीय हेयर सोसाइटी के मेम्बर
PRP GFC THERAPY FOR HAIR FALL
FIRST TIME IN HISAR
HARYANA OUTSIDE NCR
BOOK APPOINTMENT BY PHONE
On Google Map
Certified By British Association Of Dermatologists
गंजेपन का Hair Transplant द्वारा सफल ईलाज
हार्मोनल असंतुलन के कारण पुरूषों में गाइनेकोमैस्टिया की समस्या होती है।
प्लास्टिक सर्जरी लायपोसक्शन से पुरूषों में फूली हुई छाती (Gynecomastia) से छुटकारा पाएं और शारीरिक सुंदरता व मनोबल वापस पाएं
BEFORE
AFTER
Hair Transplant, Laser, Botox, Thread Lift & Hydrafacial
BEST QUALITY HIGH VOLUME GFC PRP
मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा उपलब्ध
सौंदर्य
SKIN, BURNS, HAIR TRANSPLANT LASER & PLASTIC SURGERY CENTRE
drvikramnatraj
Vikram Natraj Goyal@saundaryamakeover
01662 248105, 89012 10825, 98121 30025
डाबड़ा चौक, Opp. सरस्वती प्रोविजनल स्टोर, निरंकारी भवन रोड, हिसार-125001

डा. प्रीति जैन
MBBS, MS
पूर्व सीनियर स्त्री रोग विशेषज्ञ
जिन्दल हस्पताल, हिसार
स्त्री रोग व अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन
सुविधाएँ :-
MYOMA, POLYP बच्चेदानी में गांठ
बच्चेदानी में SEPTUM
बंद ट्यूब्स खोलना
बच्चेदानी में जाला
Hysteroscopic Operations
For Appointment Please Call :
HOSPITAL 9996902728
GYNAE 9813347766
GOBIND NURSING HOME
120, Het Ram Road,
Opposite Jat College Road, Hisar, 125001

लेजर किरणों द्वारा चश्में व कॉन्टेक्ट लैंस से छूटकारा पायें
100% ब्लेड रहित
विश्व की अत्याधुनिक अमेरिकन मशीन
डॉ. एस.बी. जैन
एस.एस. (नेत्र) एफ.आई.सी.ओ. (जापान)
लेसिक लेजर एवं फेको विशेषज्ञ
Femtosecond Laser IFS 150 HZ American Technology
iLASIK
Latest Model
AVAILABLE FACILITIES :
PRK, LASIK, C-LASIK SBK and I-Lasik (FEMTO)
Topical Phaco Green -Laser Glaucoma Operations Squint Operation
चश्मा हटवायें
नई रोशनी पाएं
जैन आँखों का हस्पताल
डाबड़ा रोड़, हिसार
मो. 97295-27774
94680-15977

# सम्पादकीय..........

## भारत में खाद्य बाजार का भविष्य उज्ज्वल

राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) ने साल 2022-23 के लिए जो घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण का सारांश जारी किया है, उसका स्वागत किया जा रहा है। लगभग ग्यारह वर्ष के बाद ये आंकड़े जारी किए गए हैं, तो अध्ययन और क्रियान्वयन की दृष्टि से इनका बहुत महत्व है। इधर के वर्षों में आंकड़े न जारी करने के लिए लगातार सरकार की आलोचना हो रही थी। अब इन आलोचनाओं पर विराम लगेगा और विभिन्न आर्थिक व सामाजिक शोध संस्थानों को विचार-मंथन में सुविधा होगी। आंकड़े साफ गवाही दे रहे हैं कि देश विकसित हो रहा है। साल 2011-12 में एक औसत ग्रामीण भारतीय का भोजन खर्च, 1750 रुपये मासिक हुआ करता था, जो साल 2022-23 में बढ़कर 3,773 रुपये हो गया है। इस दौरान शहरी भारतीयों का मासिक भोजन खर्च 2,530 रुपये से बढ़कर 6,459 रुपये हो गया है। गांव हो या शहर, भोजन पर होने वाला खर्च तो दोगुने से ज्यादा हो गया है, मगर बाकी कुल खर्च में उतनी वृद्धि नहीं हुई है। वैसे भारत में लोगों की आय और खर्च में बहुत असमानता है। अपने देश में आर्थिक रूप से शीर्ष पांच प्रतिशत ग्रामीण और शहरी भारतीय एक महीने में औसतन 10,501 रुपये और 20,824 रुपये खर्च करने लगे हैं। पहले यह आशंका जताई जा रही थी कि भारतीयों के औसत खर्च में गिरावट आई है। जब एनएसएसओ द्वारा तैयार साल 2017-18 के आंकड़े लीक हुए थे, तब इसी आधार पर सरकार की आलोचना हुई थी। बाद में उस पूरी रिपोर्ट को ही सरकार ने रद्दी की टोकरी में डाल दिया था और उसके बाद से ही यह लग रहा था कि देश में आय के घटने की वजह से प्रशासन आंकड़ों को जारी करने से बचना चाहता है। बहरहाल, रिपोर्ट का सार ही जारी किया गया है, विस्तृत रिपोर्ट के लिए कुछ इंतजार करना पड़ सकता है। किसी भी सरकार पर आंकड़े जारी करने का दबाव रहता ही है और सही आंकड़े इसलिए जरूरी हैं, ताकि उनके आधार पर बेहतर विकास योजनाओं का प्रारूप गढ़ा जा सके। यह बात छिपी नहीं है कि बीच में महामारी और लॉकडाउन से अर्थव्यवस्था में बहुत गिरावट आई थी, तब ऐसे समय के आंकड़ों को जारी न करके नेताओं ने देश को निराशा से ही बचाया, हालांकि अर्थशास्त्री इस दलील को नहीं मानेंगे। जाहिर है, अर्थव्यवस्था के विविध पहलुओं को ज्यादा समय तक छिपाया नहीं जा सकता और कभी न कभी आंकड़े सामने आते ही हैं। बेशक, जारी आंकड़े साफ संकेत कर रहे हैं कि देश विकास की ओर बढ़ रहा है और खर्च के ढरें में बदलाव आ रहा है। एक समय था, जब ज्यादातर परिवार अपने लिए भोजन जुटाने में ही खर्च हो जाते थे, पर अब भोजन पर होने वाले खर्च का अनुपात घट रहा है और हम बेहतर जीवन के दूसरे साधनों पर ज्यादा खर्च करने की स्थिति में आ रहे हैं। साल 2011-12 में ग्रामीण और शहरी परिवारों के कुल खर्च में खाद्य उपभोग की हिस्सेदारी क्रमशः 52.9 प्रतिशत और 46.2 प्रतिशत थी। साल 2022-23 में यह घटकर क्रमशः 46.4 प्रतिशत और 39.2 प्रतिशत रह गई है। यह सुखद है कि ग्रामीण भारतीयों को अपनी आय में से आधे से भी कम हिस्सा अब भोजन में लगाना पड़ रहा है। भोजन में भी विविधता आई है और अनाज पर निर्भरता घट रही है। इतना तो तय है कि भारत में खाद्य बाजार का भविष्य उज्ज्वल है। बहरहाल, सरकारी एजेंसियों को भी विस्तृत आंकड़ों का इंतजार रहेगा, ताकि बीते दौर के साथ तुलना सहजता से संभव हो।

# मान कर हम बंधते हैं और जान कर बंधन से छूटते हैं

**अध्यात्म**

'मानना' और 'जानना' इन दोनों बातों में उतना ही अंतर है जितना बंधन और मुक्ति में। मानना बंधन की प्रक्रिया है और जानना मुक्ति की। 'मानना' मान्यताओं पर आधारित होता है और 'जानना' ज्ञान पर। मानना धार्मिक प्रक्रिया है और जानना आध्यात्मिक। जहां से ऊपर नहीं उठ पाते, उसको मानते हैं और जब उससे ऊपर उठ जाते हैं, तब उसको जानते हैं। जैसे हम भगवान् को मानते हैं, पर उसको जानते नहीं। गीता को मानते हैं, लेकिन उसके ज्ञान को जानते नहीं। मानना स्थूल प्रक्रिया है और जानना सूक्ष्म। मानने से जब जानने में आते हैं तब जीवन जीने का नजरिया ही बदल जाता है। मानने से जानना एक टोटल ट्रांसफॉर्म की प्रक्रिया है। जानने वाले को कोई भी चिह्न बांध नहीं सकता, क्योंकि वह संसार का भी जानने वाला हो जाता है। जानना चेतना की ऊंची अवस्था है। यह बोध की प्रक्रिया है, जहां माया और आत्मा का संपूर्ण बोध हो जाता है। जैसे हम कहें, 'मैं सभी देशों, धर्मों, जातियों, कानूनों को जानता हूं' या कोई कहे, 'मैं किसी एक देश, एक धर्म, एक जाति को मानता हूं' तो दोनों में बड़ा अंतर है। जानने वाला न किसी को बड़ा देखता है, न छोटा। वह न संसार में कुछ बिगड़ा देखता है, न कुछ ठीक करने की कोशिश करता है। वह जानता सब कुछ है, लेकिन अटकता कहीं भी नहीं। ऐसे लोग किसी देश, धर्म, जाति या शास्त्र से बंधे नहीं रहते। न ही उन्हें किसी संस्कृति विशेष से जोड़कर देखा जा सकता है। वे कहीं के भी हो सकते हैं। उनकी चिंतन प्रक्रिया की शुरुआत कहीं से भी हुई हो सकती है। जरूरी नहीं कि वे आध्यात्मिक व्यक्ति हों, या उनकी पहचान किसी चिंतक-दार्शनिक के रूप में हो। चित्त की स्थिति के आधार पर मनुष्यों को उच्च, मध्यम और निम्न तीन वर्ग में बांट सकते हैं। उच्च वर्ग में वे आते हैं जो मानने से ऊपर उठकर जानने वाले हो चुके होते हैं। फिर संसार का सब कुछ उनके लिए तुच्छ हो जाता है। मध्यम वर्ग में व्यक्ति, मनुष्यों द्वारा बनाई गई संस्था, जाति, धर्म, देश, संप्रदाय, भ्रष्टाचार, हिंसा, कानून, धन, पद-प्रतिष्ठा आदि को मानने लगते हैं। कोई देश को बड़ा मानता है, कोई जाति को और कोई संस्कृति को। ऐसे ही कोई धर्म में उलझ जाता है तो कोई संस्था में। इस तरह हम 'मानने' वाले बन जाते हैं और जब मानने वाले होते हैं तब उस व्यवस्था को सुधारने लगते या उसमें आस्था रखने लगते हैं या आदर करने लगते हैं और इस प्रकार उसी में फंसे रहते हैं। लेकिन एक तीसरे प्रकार के लोग होते हैं जिनको समाज की सभी मान्यताएं, नियम, पद आदि समझ में नहीं आते, वे लोग अपने में ही उलझे रहते हैं। वे विचारधारा के आधार पर निम्न वर्ग में आते हैं।

# सुण मौल्लड़ की



कुछ किसान नेता बोले टिकैत धोखेबाज और चढ़ूनी घमण्डी।

हर जगा राजनीति घुस री सै।

# कैसा रहेगा आपका कल



**मेष :** उधार का लेन-देन न करें। पुराना रोग परेशान कर सकता है। फिजुल की बहस करने से बचें। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**वृषभ :** बुद्धि तीक्ष्ण रहेगी व ज्ञान में बढ़ौतरी होगी। रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों की प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अध्ययन में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन :** अपमान होने का भय रहेगा। मन में तनाव बना रहेगा। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**कर्क :** आज आप स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगे। व्यक्तित्व में निखार आएगा। लोग आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे।

**सिंह :** घर या ऑफिस की साज सज्जा पर खर्च संभव है। आय में वृद्धि होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

**कन्या :** दिन शुभ रहेगा। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को लाभ होगा। सबको साथ लेकर चलने की कोशिश करेंगे।

**तुला :** कोई नया कार्य आरंभ न करें। महत्वपूर्ण निर्णयों को टाल दें। शराब के सेवन से बचें। दुर्गा माता की पूजा करें।

**वृश्चिक :** बड़े भाई-बहनों के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। उपहार प्राप्त होने की संभावना। आर्थिक लाभ होगा।

**धनु :** महत्वपूर्ण निर्णय लेने का दिन। कार्यक्षेत्र में विस्तार संभव है। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मकर :** दिन भाग्यशाली रहेगा। नए कार्यों की शुरूआत हो सकती है। यात्रा सुखद रहेगी।

**कुंभ :** लोगों द्वारा आलोचना संभव है। मन ही मन किसी बात को लेकर परेशान रहेंगे। किसी अंजान व्यक्ति पर भरोसा करना ठीक नहीं होगा। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।

**मीन :** विदेश यात्रा का कार्यक्रम बनेगा। जिसे चाहते हैं उसके साथ समय बीताने का अवसर मिलेगा। निजी संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# इंसान को प्रेम की भावना कभी हारने नहीं देती और अंहकार की भावना कभी जीतने नहीं देती

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



व्यवहार में लोगों को देखा है कि वो इतनी जल्दी अपने आप को बदल लेते हैं कि समझ में नहीं आता कि उनकी असलियत क्या है? सच है मनुष्य इतने मुखौटे डाल कर जीता है, कि उसका असली चेहरा कौन सा है, यह समझ पाना ही मुश्किल हो जाता है। अंदर कुछ और बाहर कुछ, सोचते कुछ और है, बोलते कुछ और है, और करते बिल्कुल ही अलग है।बाहर काम के स्थान पर या वैसे समय और स्थान की आवश्यकता के अनुसार तो यह सब करना ही पड़ता है, अपने रोल के मुताबिक अपने आप को बदलना भी चाहिए,पर जब हम घर परिवार में भी इस तरह व्यवहार करने लगते हैं तो मुश्किलें खड़ी हो जाती है। अपनी विश्वसनीयता तो कम होती है, दूसरे जब उसी तरह का व्यवहार करने लगते हैं तो बड़ा बुरा लगता है। अगर आपस में बात कर रहे हैं तो, उसमें स्नेह, सहयोग और सद्भावना तो दिखाई ही नहीं देती, उसमें तो बस या तो आत्मश्लाघा होगी या फिर परनिंदा होगी, शायद इसीलिए ही आपस में इकठ्ठे बैठ कर अपनत्व से जो बातें करते थे, परस्पर संवाद करते थे, वो तो अब खत्म ही होता जा रहा है। दूसरा, सब की अपनी इगो मतलब अहंकार इतना बड़ा हुआ है कि कब कोई किसी की छोटी सी बात से आहत हो जाए कहा ही नहीं जा सकता, एक दूसरे के साथ नहीं रह रहे बस एक दूसरे को सहन ही कर रहे हैं। परिवार में ही नहीं,आपस मित्रों में भी नाकाब डाल कर बात करते हैं, इसलिए तो अकेलापन बढ़ता जा रहा है।समय तो कभी एक सा नहीं रहता, सब ऊपर नीचे होता ही रहता है। मानसून का समय आया तो साल भर से सूखी नदी उफान के साथ बहने लगी। गर्व से उन्मत्त होकर वह समीप बसे गांव के कुएं से बोली, 'कुएं भाई! ज़रा मेरी चौड़ाई तो देखो, मैं एक नहीं दसियों गांवों को अपने अंदर समा सकती हूं, तुम तो सहज ही मेरे अंदर समा जाओगे।' कुएं ने नदी की बात का कोई प्रतिकार नहीं किया। मौसम बदला तो बरसाती नदी सूखकर पतली सी धारा में बदल गई। कुआं उसे संबोधित करते हुए बोला, 'बहन! जीवन में मात्र विस्तार ही सब कुछ नहीं होता। गुणवत्ता भी आवश्यक है। बिना उद्देश्य के बहुत बढ़ जाने से भी कोई लक्ष्य प्राप्त नहीं होता। जीवन में सफलता तो व्यक्तित्व में गहराई लाने से ही प्राप्त होती है।'

# कर्म का मर्म

## स्वामी की शिक्षा

एक बार स्वामी विवेकानंद को एक सेठ ने अपने भवन में आमंत्रित किया। विवेकानंद के पहुंचने पर सेठ ने उनका यथोचित सत्कार किया। जब स्वामी जी भोजनादि से निवृत्त हुए तो उसके बाद उन दोनों लोगों के बीच धर्म-दर्शन इत्यादि की चर्चा चल पड़ी। सेठ नास्तिक प्रवृत्ति का था। उसने स्वामी विवेकानंद से कहा, 'मुझे समझ में नहीं आता कि लोग मूर्तिपूजा क्यों करते हैं/ आखिर पत्थर या किसी धातु की बनी बेजान मूरत किसी को क्या दे सकती है/ मैं इन सब बातों में यकीन नहीं करता।' अचानक विवेकानंद की नजर कक्ष में दीवार पर टंगी एक तस्वीर पर पड़ी, जिस पर फूलमाला चढ़ी थी। विवेकानंदजी उठकर उस तस्वीर के पास गए और सेठ से पूछा - 'सेठजी, यह तस्वीर किसकी है/' सेठ बोला, 'यह मेरे पूज्य पिताजी की तस्वीर है। कुछ साल पहले इनका स्वर्गवास हो गया।' विवेकानंद ने उस तस्वीर को दीवार से



उतारा और उसे सेठ के हाथ में देते हुए कहा, 'आप इस तस्वीर पर थूकिए।' यह सुनकर सेठ सन्न रह गया और बोला, 'स्वामीजी, आप होश में तो हैं/ मैं इस पर कैसे थूक सकता हूं/' इस पर स्वामी विवेकानंद ने उससे कहा, 'सेठजी, आपके पिताजी को गुजरे हुए तो अरसा हो गया है। यह तो सिर्फ एक तस्वीर है। इसमें न जान है और न ही आवाज। फिर भी आप इस बेजान तस्वीर पर थूक नहीं सकते, क्योंकि आप इसमें अपने पिता का स्वरूप देखते हैं और इसका अनादर करना अपने पिता का अनादर करना ही समझते हैं। उसी तरह मूर्तिपूजा करने वालों को भी मूर्ति में भगवान का स्वरूप दिखता है। वैसे तो भगवान कण-कण में हैं, पर एक आधार मानने के लिए और मन को एकाग्र करने के लिए लोग मूर्तिपूजा करते हैं।' सेठ को अपनी भूल का एहसास हुआ और उसने स्वामीजी के चरणों में गिरकर क्षमा मांगी।

# दयानन्द महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने निकाली नशा मुक्ति जागरूकता रैली




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार की एनएसएस इकाईयों के स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित सात दिवसीय वार्षिक शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत सुबह की प्रार्थना से हुई। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों से प्राणायाम व योगा करवाई गई। इसके बाद नशा मुक्ति विषय पर रैली आयोजित की गई जिसमें लगभग 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। रैली में 'हर जन का यही नारा, नशा मुक्त हो देश हमारा' जैसे नारों द्वारा सत्यनगर कैंप स्थल तक रैली निकाली गई। तत्पश्चात श्री हितेश कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि/ वक्ता के तौर पर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. छवि मंगला ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। श्री हितेश ने बताया कि जीवन में कामयाबी हासिल करने के लिए पहले कदम उठाना जरूरी है। एनएसएस के स्वयंसेवकों में लीडरशिप के गुण होते हैं तथा जीवन में सफलता के ज्यादा मौके प्राप्त करते हैं। इन्टर्नशिप नौकरी प्राप्त करने के लिए सबसे जरूरी है। उन्होंने बताया कि नौकरी प्राप्त करने के लिए लीडरशिप व अंग्रेज़ी भाषा का ज्ञान अत्यधिक आवश्यक है। उन्होंने स्वयंसेवकों को जीवन में सफ्लता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को एन्टरप्रनोयरशिप व कैरियर सेटअप के लिए महत्वपूर्ण टिप्स व जानकारी दी। अंत में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने मुख्यवक्ता का धन्यवाद किया। सायं के सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# आरटीए के सहयोग से वाहनों पर रिफ्लेक्टर व लोगों को यातायात नियमों व रोड सेफ्टी बारे किया जाएगा जागरुक : संजीव कौशिक

## स्कूल कॉलेजिज में जाकर निःशुल्क देंगे यातायात नियमों संबंधी जानकारी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** आरटीए विभाग के सहयोग से वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाने व लोगों को यातायात नियमों व रोड सेफ्टी के प्रति जागरुक करने के अभियान की शुरूआत श्री बालाजी मोटर ड्राइविंग स्कूल की ओर से की गई। इस अवसर पर मौजूद ड्राइविंग स्कूल के संचालक संजीव कौशिक ने कहा कि शहर में दिन-प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं जिसका मुख्य कारण लोगों में यातायात नियमों की जानकारी का अभाव एवं मनमाने ढंग से ड्राइविंग एवं लोगों द्वारा रोड सेफ्टी के नियमों का पालन नहीं करना है। इसके साथ ही अनेक ऐसे वाहन हैं जिनके पीछे रिफ्लेक्टर होना अनिवार्य है ऐसे वाहनों के पीछे रिफ्लेक्टर लगाने के अभियान की शुरूआत श्री बालाजी मोटर ड्राइविंग स्कूल की ओर से




आरटीए सुनील ढाका एवं इंस्पेक्टर मंदीप के दिशा निर्देश अनुसार की गई है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत स्कूल व कॉलेजों में जाकर छात्रों को भी यातायात नियमों संबंधी जानकारी निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर ड्राइविंग स्कूल के अनेक स्टूडेंट/प्रशिक्षु भी मौजूद रहे।

# नारायणी वेल्फेयर सोसाइटी ने किया बैठक का आयोजन, जरूरतमंद लोगों के लिए लगाएगी कैंप



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** नारायणी वेल्फेयर सोसाइटी की फरवरी माह की मीटिंग में आगे होने वाले कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया। अध्यक्ष गुंजन गोयल ने बताया कि संस्था की तरफ से आगे हेल्थ कैंपस् का आयोजन किया जायेगा, जिससे जरूरतमंद लोग लाभांवित हो। इसके साथ साथ संस्था द्वारा और भी सेवा कार्य किये जायेंगे। सदस्य रेखा शर्मा ने कहा हमारी संस्था पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कार्य करेगी। बच्चो के बौधिक विकास के लिए विभिन्न स्कूलों मे प्रतियोगिताएं भी करवाई जायेगी। मीटिंग में सरिता जैन, मिताली गोयल, कांता शर्मा, श्रेया, मोनिका वर्मा, शालू, ऋतु सिंगल, ऋतु गोयल, उर्मिल त्रिखा, मनीषा चौधरी, उषा शर्मा, सीमा कश्यप, शैलजा, डॉ बानी गोदारा, डॉ अर्चना शर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

# भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा का प्रांतीय अधिवेशन आयोजित, उल्लेखनीय कार्यों के लिए हिसार शाखा सम्मानित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा को प्रान्त स्तरीय अधिवेशन में 2023-24 में उल्लेखनीय कार्यों के लिए पांच विभिन्न पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया। रविवार को चरखी दादरी में आयोजित हुए भाविप के हरियाणा पश्चिम प्रान्त के प्रांतीय अधिवेशन में शाखा को उक्त सम्मान प्रदान किये गए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भारत विकास परिषद् विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष ऋषिराज बुड़ाकिया ने बताया की प्रांतीय अधिवेशन में शाखा




के 26 सदस्यों ने भाग लिया। ऋषिराज बुड़ाकिया ने बताया की पूरे हरियाणा पश्चिम प्रांत में भारत को जानो प्रतियोगिता में सर्वाधिक विद्यालयों की भागीदारी के लिए शाखा को पुरस्कृत किया गया। शाखा स्तर पर आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में 42 स्कूलों ने भाग लिया था। इसके साथ ही भारत को जानो प्रतियोगिता में सर्वाधिक विद्यार्थियों की प्रतिभागिता के लिए भी शाखा को पुरस्कृत किया गया। भारत को जानो प्रतियोगिता में 8360 बच्चों की प्रतिभागिता के साथ शाखा ने प्रान्त में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया की देशभक्ति के गीतों पर आधारित राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में सर्वाधिक स्कूलों की भागीदारी भी विवेकानंद शाखा के नाम रही। समूहगान प्रतियोगिता में जहाँ 30 स्कूलों के हिस्सा लेने पर शाखा को पुरस्कृत किया गया वहीं साल 2024 में पूरे भारत वर्ष में चेतना के स्वर पुस्तिका का द्वितीय सर्वाधिक वितरण भी हिसार की विवेकानंद शाखा के नाम रहा। देश भक्ति के गीतों से ओत-प्रोत पुस्तक चेतना के स्वर को शाखा ने 226 बच्चों तक पहुंचा कर यह स्थान प्राप्त किया। शाखा अध्यक्ष ने बताया की प्रांतीय अधिवेशन में एक पुरस्कार शाखा की मातृ शक्ति के नाम रहा। उन्होंने बताया की राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सामूहिक ऑनलाइन नृत्य प्रतियोगिता में शाखा की महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किये गए नृत्य ने पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भारत विकास परिषद् उत्तर क्षेत्र के अध्यक्ष विनीत गर्ग व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह द्वारा शाखा की महिलाओं को सम्मानित किया गया।



# राज्यसभा सांसद बनने के बाद पहली बार हिसार पहुंचे सुभाष बराला का स्वागत

## जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ व अन्य पदाधिकारियों ने जताई खुशी





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** नवनियुक्त राज्यसभा सांसद एवं हिसार लोकसभा प्रभारी सुभाष बराला अपने निर्वाचन के बाद पहली बार हिसार भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां पहुंचने पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ एवं अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने नवनियुक्त राज्यसभा सांसद को बधाई देते हुए कहा कि उनके निर्वाचन से पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी है। पार्टी ने उनका सम्मान करके आम कार्यकर्ता का सम्मान किया है। उन्होंने जिला कार्यकारिणी की तरफ से उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी हिसार लोकसभा सीट भी भारी बहुमत से जीतेगी। स्वागत से अभिभूत सांसद सुभाष बराला ने कहा कि वे कार्यकर्ताओं के इस सम्मान को कभी भूल नहीं पाएंगे। यह सही है कि पार्टी ने उनका राज्यसभा के लिए चयन करके एक आम कार्यकर्ता का सम्मान किया है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे केन्द्र व हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने में अपनी पूरी ताकत लगा दें। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा राष्ट्रीय परिषद सदस्य रवि सैनी, जिला महामंत्री अशोक सैनी व आशीष जोशी, जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू, एडवोकेट धर्मबीर रतेरिया, मीना शर्मा, तरूण जैन व संजीव रेवड़ी, अनिल सैनी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा, सचिव कृष्ण सरसाना, नीरज देवी, स्वामी दर्शन गिरी, संदीप गोयल, डॉ. वैभव बिदानी, रमेश मिर्जापुर, कोषाध्यक्ष मुनीष गोयल, सह कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, आईटी प्रमुख संजय सैनी, कार्यालय सचिव रविन्द्र रॉकी, सोशल मीडिया से अमर पातड़, विकास जैन, लोकेश असीजा, प्रोमिला पूनिया, गोल्डी सैनी, सुनीता रेड्डू सहित मोर्चो व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल रहे।

# हकृवि द्वारा गांव ढाणा कलां में फसल अवशेष प्रबंधन व चारा उत्पादन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र सदलपुर व चारा अनुभाग द्वारा गांव ढाणा कलां में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इसमें चारा अनुभाग के कीट वैज्ञानिक डॉ. बजरंग लाल शर्मा ने किसानों को फसल अवशेष जलाने की बजाय मिट्टी में मिलाकर भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाकर मित्र कीटों को सुरक्षित करके वह अन्य सूक्ष्म लाभकारी जीवों को बढ़ाकर अधिक उत्पादन लेने की सलाह दी।

कृषि विज्ञान केंद्र, सदलपुर के को-ऑर्डिनेटर डॉ नरेंद्र कुमार ने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन के लिए जीरो ड्रिल हैप्पी सीडर, रोटावेटर, बेलर आदि मशीनों का प्रयोग करके किसान अधिक मुनाफा ले सकते हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती से कम लागत में जीवामृत, बीजामृत, निमास्त्र आदि तैयार करके इसे थोड़े क्षेत्र में शुरू करने की सलाह दी।

चारा अनुभाग के सस्य वैज्ञानिक डॉ. सतपाल ने किसानों को बरसीम, जई व रिजका की फसल से बीज उत्पादन करके अधिक आय लेने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि मई व जून माह में हरे चारे की भारी कमी हो जाती है, जिसके लिए मार्च महीने के लिए ज्वार, बाजरा, लोबिया व मक्का की बिजाई करके मई व जून माह में हरे चारे की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने पशुओं के लिए सारा साल पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाने के बारे में भी किसानों को बताया। कृषि विज्ञान केंद्र, सदलपुर के वैज्ञानिक डॉ. दिनेश कुमार ने किसानों को किचन गार्डनिंग अपनाने के साथ सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। आरटीए सचिव सुनील कुमार ने बताया कि जनवरी माह के दौरान हिसार जिले में 23 व हांसी में कुल 11 सडक़ दुर्घटना हुई है, जिनमें हिसार जिले में 10 तथा हांसी में 5 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। अधिकारियों को जरूरी कदम उठाते हुए ई-चालान की मदद से ऑवर स्पीड, बिना हेल्मेट, ट्रिपल सवारी तथा बिना सीट बैल्ट वाले चालकों के चालान करने के निर्देश दिए गए हैं। आरटीए सचिव सुनील कुमार ने नेशनल हाईवे पर ढाबा व पेट्रोल पंप के सामने बने अवैध कटों बंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सभी सड़कों के निर्माण कार्यों व उन पर मार्किंग के कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि जनवरी माह के दौरान हांसी व हिसार में बिना हेलमेट के ड्राइविंग करने वाले दो पहिया वाहनों के 393 चालान किए गए हैं। बिना सीट बेल्ट के 305, ट्रिपल राइडिंग के 45, ओवरस्पीड के 1640, रैड लाइट जंप करने वाले वाहनों के 7, ओवरलोडिंग वाहनों के 130, कर व अन्य अपराध के 94, गलत पार्किंग 2164 तथा गलत ड्राइविंग करने वाले 1155 वाहनों के चालान किए गए। इसके अतिरिक्त नशा करके वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के 8 तथा ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के अन्य 2374 चालान किए गए।

# एसबी–89 स्कीम के तहत अनुसूचित जाति के चयनित किसान पोर्टल पर 11 मार्च तक अपनी पसंद का ट्रैक्टर खरीदने की प्रक्रिया करें पूरी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के दौरान स्कीम एसबी-89 के तहत अनुसूचित जाति के किसानों को 45 एचपी तथा इससे ऊपर के ट्रैक्टर पर एक लाख रूपये का अनुदान देने का निर्णय लिया गया है। किसानों को अनुदान हेतु 11 मार्च तक https://agriharyana.gov.in विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यह जानकारी देते हुए सहायक कृषि अभियंता गोपी राम सांगवान ने बताया कि आवेदन हेतु आवेदक का जाति प्रमाण-पत्र, कृषि योग्य जमीन के मालिकाना हक का प्रमाण-पत्र तथा एमएफएमबी पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त किसान ने पिछले 5 साल में अनुदान पर कोई ट्रैक्टर ना लिया हो। किसान किसी भी अनुमोदित/ सूचीबद्ध/ निर्माता/ डीलरों से किसी भी मॉडल (45 एचपी तथा ऊपर) का मोलभाव करके चुनाव कर सकता है। जिले में प्राप्त लक्ष्यों के आधार पर किसान का चयन जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी (डीएलईसी) द्वारा ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। चयनित किसानों को ड्रा के बाद अपनी दस्तावेज सहायक कृषि अभियंता लघु सचिवालय तीसरी मंजिल में कार्यालय में जमा करवाने होंगे। चयनित किसान पांच वर्ष तक ट्रैक्टर को बेच नही सकेगा।

# नगर निगम हिसार के वार्डों के परिसीमन हेतु ड्राफ्ट अधिसूचना जारी


**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** नगर निगम हिसार के वार्डों के परिसीमन हेतु ड्राफ्ट अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस संबंध में एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सुझाव व आपत्तियां प्राप्त करने के लिए ड्राफ्ट का प्रकाशन किया गया है। इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से दस दिन की अवधि तक कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्ति, आक्षेप अथवा सुझाव उपायुक्त हिसार के माध्यम से दे सकता है।

# चिन्हित अपराध से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक 28 फरवरी को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित सभागार में 28 फरवरी को प्रातः 10:30 बजे चिन्हित अपराध से संबंधित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने की हिदायत दी गई है। बैठक में चिन्हित अपराध से जुड़े मामलों की समीक्षा करने के साथ-साथ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे।

# युवाओं में बढ़ती नशे की लत चिंता का विषय, इसे रोकने में सभी दें अपना योगदान : राजेंद्र अग्रवाल

## 60 कि.मी. तक नशा मुक्ति साइकिल रैली निकाल दिया नशा मुक्ति के प्रति संदेश

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** अणुव्रत समिति द्वारा अणुव्रत अमृत महोत्सव के अवसर पर अणुव्रत संकल्प यात्रा के तहत नशा मुक्ति साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली अणुव्रत अनुशास्ता आचार्यश्री महाश्रमण के सुशिष्य तपोमूर्ति मुनिश्री पृथ्वी राज व मुनिश्री देवेंद्र कुमार के दिशा निर्देश में निकाली गई जिन्होंने मंगल पाठ के साथ अणुव्रत संकल्प साइकिल रैली का शुभारंभ किया। समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता मे लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया व प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अरुण अग्रवाल व निशांत मेहता उपस्थित रहे और साइकिल रैली का मार्गदर्शन डॉ. महेंद्र सिंह व डॉ सतेंद्र यादव द्वारा किया गया। साइकिल



रैली द्वारा 60 कि.मी. नशा विरोधी पोस्टर-बैनर लेकर आम जन को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। अणुव्रत गीत का गायन विनोद जैन ने किया। रैली में समिति अध्यक्ष राजेंद अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि नशा नाश का द्वार है वर्तमान समय में समाज में नशा एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है जिस पर अंकुश अत्यंत आवश्यक है क्योंकि नशे की ओर सबसे अधिक हमारी युवा पीढ़ी के बढ़ रही है जो कि देश व समाज के लिए अच्छा संकेत नहीं है और चिंता का विषय है। इसलिए सभी का दायित्व है कि युवाओं में बढ़ती हुई नशे की लत को दूर करने के लिए अपना हर संभव योगदान दे। अणुव्रत समिति इस दिशा में में गंभीरता से प्रयास व कार्य कर रही है जिसके सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण अग्रवाल व निशांत मेहता ने विशेष तौर पर युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर रचनात्मक व सकारात्मक कार्यों में अपनी ऊर्जा को लगाएं और समाज व देश के विकास में अपना भरपूर योगदान दें। उन्होंने नागरिकों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अरुण अग्रवाल ने समिति का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एक नई प्रेरणा का कार्य करते हैं। भविष्य में भी क्लब अपना योगदान देता रहेगा। समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने सभी अतिथियों को समिति का पटका व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, अनिल जैन, सतपाल शर्मा ,अनिल गुप्ता, जगदीश गर्ग, विनोद जैन, राजकुमार सोनी, इंद्रेश पांडे, राइडिंग क्लब के सदस्यों ने भाग लिया।

# मंडलायुक्त गीता भारती ने कोर्ट केस सहित अन्य लंबित मामलों की ली समीक्षा बैठक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** मंडलायुक्त गीता भारती ने सोमवार को जिला हिसार, फतेहाबाद, सिरसा व जींद के उपायुक्त के साथ कोर्ट केस सहित अन्य लंबित मामलों की समीक्षा के लिए बैठक की। मंडलायुक्त ने 6 माह से ज्यादा पुराने मामलों का निपटान करने तथा स्टाम्प एक्ट, वीसीएल एक्ट, पीपी एक्ट, म्यूटेशन, सरप्लस, सीनियर सिटीजन एक्ट आदि से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से निपटाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सभी उपायुक्त अपने अधीनस्थ एसडीएम एवं सभी एसडीएम अपने अधीनस्थ तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों की



बैठक करना सुनिश्चित करें। मंडलायुक्त ने कहा कि जनसंवाद तथा सीएम विंडो से प्राप्त शिकायतों के निवारण की दिशा में भी अधिकारी कारगर कदम उठाना सुनिश्चित करें। उन्होंने उपायुक्तों को अपने जिलों के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों के लंबित संदर्भ केसों को जल्द से जल्द निपटाने की सख्त हिदायत दी। मंडलायुक्त ने मुआवजा वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि किसानों का मुआवजा जल्द से जल्द वितरित किया जाए। बैठक में मंडल के सभी उपायुक्त, ओएसडी शालिनी चेतल, सभी एसडीएम उपस्थित थे।

# सैनिकों का दर्जा भगवान के समान: नरेश सेलपाड़

## राह ग्रुप फाउंडेशन ने 101 पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों को किया सम्मानित




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार/हांसी, 27 फरवरी :** राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने कहा है कि भारतीय सेना को सबसे कठिन और बड़े युद्धों पर जीत हासिल करने के लिए जाना जाता है, साथ ही हमारे सैनिक भगवान की तरह ही हमारी रक्षा करते हैं, इसलिए इनका दर्जा भगवान से किसी भी रुप में कम नहीं है। वे राह ग्रुप फाउंडेशन के तत्वावधान में गांव माय्यड स्थित होली फेथ कॉन्वेट स्कूल में पूर्व सैनिक सम्मान समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राह संस्था वर्तमान एवं पूर्व सैनिकों में कोई अन्तर नहीं समझती, इसलिए उनकी संस्था ने वर्तमान के साथ-साथ पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया है। इस दौरान समाजसेवी एवं सृष्टि इंटरनेशनल स्कूल मोठ के निदेशक अनूप लोहान बतौर अति विशिष्ठ अतिथि मौजूद रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सूबेदार चरण सिंह मलिक ने की। यह जानकारी देते हुए स्कूल की की पूर्व प्राचार्या मंजू भठ्ठी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के बाद भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया। इस सम्मान समारोह में माय्यड़, भगाना, हिसार केंट, सातरोड़ खास, सातरोड़ कला एवं सातरोड खुर्द के 101 पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, आंगनवाड़ी, आशा वर्कर सम्मान को अंग वस्त्र एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान होली फेथ कॉन्वेट स्कूल के विद्यार्थियों ने कविताएं, गीत और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। इस दौरान हरियाणा को जानो प्रतियोगिता के प्रतिभागियों एवं शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में सराहनीय उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इससे पहले आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, स्वाथ्य कर्मियों सहित दूसरे राष्ट्रीय सेवा कर्मियों को भी सम्मानित किया गया।

# इंडियन योग एसोसिएशन ने आर्ट ऑफ लिविंग अंतरराष्ट्रीय केंद्र में योग नीतियों और अनुसंधान पर राष्ट्रीय कॉन्क्लेव के दूसरे संस्करण की मेज़बानी की : नीरज गुप्ता

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** आर्ट ऑफ लिविंग हिसार शाखा द्वारा साधकों को आध्यात्मिक पथ पर आरूढ़ रखने हेतू योग, ध्यान तथा गुरु-ज्ञान जैसे दिव्य गुणों से सुसज्जित परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की पवित्र वाणी में दिव्य- सुदर्शन क्रिया फ़ॉलोअप का आयोजन किया गया। डिस्ट्रिक्ट टीचर कोऑर्डिनेटर परीक्षित आर्य ने फ़ॉलोअप के पश्चात जानकारी में बताया कि योग में वैज्ञानिक अनुसंधान की भूमिका पर विचार-विमर्श करने, योग और योग नीतियों के सतत विकास और योग की प्राचीन प्रणाली का ज्ञान पूरे भारत और विश्व स्तर पर व्यवस्थित रूप से साझा करने के लिए आर्ट ऑफ




लिविंग ने अपने अंतरराष्ट्रीय केंद्र में इंडियन योग एसोसिएशन (आई.वाई.ए) के राष्ट्रीय कॉन्क्लेव के दूसरे संस्करण की मेज़बानी की। उन्होंने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता इंडियन योग एसोसिएशन हरियाणा चैप्टर के प्रांत सह-मंत्री का भी दायित्व निर्वहन कर रहे है। नीरज गुप्ता ने बताया कि इस सम्मेलन में योग के क्षेत्र के प्रसिद्ध विद्वानों, शोधकर्ताओं और चिकित्सकों के साथ-साथ भारत के 25 राज्यों से योग परिषदों की भागीदारी हो रही है। उन्होंने बताया कि वैश्विक मानवतावादी और आध्यात्मिक गुरु तथा आई.वाई.ए के अध्यक्ष गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर, ने कहा, 'योग सदियों से मौजूद है लेकिन इंडियन योग एसोसिएशन इसकी वैज्ञानिक व्याख्या हर जगह पहुँचा रहा है।' गुरुदेव ने आगे कहा, 'हमें अपनी यौगिक परंपराओं के सार को शुद्ध और अक्षुण्ण बनाए रखने की आवश्यकता है।' गुरुदेव ने साझा किया कि जीवन में तीन सी (C)का होना महत्वपूर्ण है - पहला (Context), जीवन को एक विशाल दृष्टिकोण से, एक विशाल संदर्भ में देखना, दूसरा (Compassion) स्वयं और दूसरों के प्रति करुणा; तथा (Commitment) जीवन में प्रतिबद्धता- ये सब जीवन में योग के साथ ही आ सकते हैं।


**At any one time, one in four people on your bus or train is day-dreaming about sex.** - Mills & Boon

**The most common search term entered by men on the Internet is sex.**

- We Provide The Best and Scientific treatment for Sexual Problems of men and women. Discuss About Sexual Health
- Remember Sex is not only a pleasure, it involves Knowledge, Unselfishness, Responsibility, Respect and Trust for each other.

HAPPY HOME DEPENDS ON HEALTHY SEX LIFE

"Blame it on stressed life Style, or lack of Awareness, Indians are leading a bad sex life"

- Remove your Myths & Misconceptions about Human sexuality.
- Just removing wrong notions about sexuality cures you for ever. No need of costly drugs.

**SEXUAL HEALTH CLINIC**



**DR. PREM MUNJAL**
M.B.B.S., D.P.M., D.H.A., C.S.E.P.I. (Sexology)
Consultant Psychiatrist & Sexologist

**MUNJAL HOSPITAL**
Rishi Nagar, Near Dhobi Ghat, Hisar
Timing : 11:00 AM to 2:00 PM
A Qualified Psychiatrist Specialized in Sexual Medicine
Please Take Appointment 9812006982
Confidentiality & Privacy Assured



'Early Marriage Problems Late Marriage Problems'

SEX EDUCATION IS LIKE VACCINATION - a protection against the harmful media in the environment.



SEX EDUCATION IS ESSENTIAL

यौन शिक्षा न होने के कारण भारतीय समाज में यौन क्रियाओं के बारे में जानकारी का अभाव है। नामर्दी, शीघ्र पतन व स्वप्न दोष आदि पर सही जानकारी न होने के कारण हीन भावना महसूस करता है, लेकिन सच्चाई यह है कि भारत में पर्याप्त यौन शिक्षा नहीं दी जा रही, जिसके चलते युवा पीढ़ी गलत तरीके से अधकचरा ज्ञान प्राप्त कर रही है। यौन शिक्षा सारे विश्व में एक जैसी होनी चाहिए तथा इसे अश्लीलता के साथ जोड़कर नहीं देखना चाहिए। ऐसे रोगी की 7 दवा के साथ-साथ सैक्स काऊंसलिंग होनी चाहिए। स्वस्थ यौन संबंध ही स्वस्थ मानसिकता को प्रदर्शित करता है। खेद की बात है कि हमारे समाज में सैक्स विषय को वर्जित माना जाता है। इस पर खुली चर्चा नहीं होती । यही कारण है कि अज्ञानता के कारण कई परिवारों का बिखराव हो जाता है। सैक्स की जानकारी को बुराई न मानकर सैक्स शिक्षा को शिक्षा का अभिन्न अंग बनाना चाहिए। यौन सुख प्रकृति की अनुपम देन है और इसे दिव्य आनंद मानते हुए एक उत्तरदायित्व, सामंजस्य, आपसी स्नेह और कला के रूप में लिया जाना चाहिए !

डाक्टर प्रेम मुन्जाल
सैक्स एवं मनोरोग विशेषज्ञ
मुन्जाल नर्सिंग होम, हिसार

सेक्स.... एक खूबसूरत सच, एक उलझा हुआ अहसास इसकी पूरी जानकारी हो तो यह संतुष्टि देता है और न हो तो उलझन।

IF SEX IS RIGHT THEN EVERYTHING IS RIGHT. IF SEX IS WRONG THEN NOTHING ELSE CAN BE RIGHT.

Too much Stress & anxiety can affect the sex life

# सामाजिक समता एवं समरसता के जीता जागता उदाहरण हैं संत रविदास : प्रताप

## आरएसएस ने समरसता दिवस के रूप में मनाई संत शिरोमणि गुरु रविदास जी जयंती



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस)जिला हिसार द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 647 वें जन्म दिवस को समरसता दिवस के रूप में मनाते हुए जिला भर में संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। माधव नगर में आयोजित कार्यक्रम में प्रांत कार्यवाह प्रताप ने बतौर मुख्य वक्ता संत रविदास के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पूज्य संत रविदास जी महान संत थे। वो सामाजिक समता एवं समरसता के जीता जागता उदाहरण हैं। संत रविदास ने जाति भेद को मिथ्या बताते हुए कहा था कि जन्म से कोई छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि कर्म से व्यक्ति बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि जाति कोई भी हो, भगवत भक्ति सभी का उद्धार करेगी। प्रांत कार्यवाह प्रताप ने कहा कि संत रविदास जी ने अपने संदेशों और काव्य रचनाओं से मानव को जीवन यापन की जो विधियां सिखाई, वे आज भी उतनी ही सामायिक-प्रासंगिक हैं जितनी तब थी। उनके दिखाए रास्ते पर चलकर सही मायनों में समाज में समरसता का समायोजन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि संत रविदास की ऐसी महिमा थी कि मीरा ने गुरु के रूप में पूज्य रविदास जी को चुना। राजकन्या होने के बाद भी उन्होंने संत रविदास जी को अपना गुरु चुना। मीराबाई का जीवन संत रविदास जी के मार्गदर्शन में रहा। संत रविदास जी का गुरु नानक देव जी से भी मिलना हुआ और पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब में भी संत रविदास जी के पद भी पद शामिल किए गए। गुरु ग्रंथ साहिब में उनका वर्णन है। उन्होंने कहा कि संत किसी जाति विशेष के नहीं होते वो सभी के होते हैं। केशव नगर में प्रोफेसर विकास वर्मा ने, आर्य नगर खंड में विभाग मुख्य मार्ग प्रमुख पृथ्वी ने विस्तार से संत रविदास के जीवन व उनकी शिक्षाओं का वर्णन किया। वहीं गांव पातन में माताओं और बहनों ने सत्संग कर कर संत रविदास जी की जयंती मनाई। अग्रोहा खंड में गांव नंगथला में जिला सामाजिक समरसता प्रमुख रामनिवास ने तथा आदमपुर खंड में चार स्थानों पर डॉ. विकास के मार्गदर्शन में तथा सातरोड खंड के गांव धांसू में चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक समरसता गतिविधि मंच के नगर संयोजक विजय चौहान ने बताया कि जिला समरसता विभाग की ओर से 42 कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# लक्ष्य स्कूल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** धान्सू रोड़ स्थित लक्ष्य पब्लिक स्कूल में 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई समारोह से विदाई दी और उनके लिए अनेक छोटे-छोटे कार्यक्रम का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने अनेक गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लिया। 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने सभी अध्यापक वृंद को नाना प्रकार के शीर्षक देकर सम्मानित किया। इसी बीच छात्र- छात्राओं ने नृत्य, नाटक आदि से शानदार प्रस्तुति दी और 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सुखद भविष्य के लिए और आगामी जीवन में सफलता के लिए दुआएं दी। वहीं कक्षा -12 के विद्यार्थियों ने अध्यापक वृंद को अलग-अलग तरीके के कार्यक्रमों के माध्यम से सम्मानित किया और अपने विद्यार्थी जीवन से संबंधित अपने अनुभव को इस विदाई समारोह में सहज किया। विद्यालय के प्रबंधक श्री रामनिवास वर्मा ने 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में प्रत्येक कार्य का एक समय होता है यदि विद्यार्थी अपने समय का सदुपयोग कर अपने लक्ष्य की प्राप्ति में लगाए तो कामयाबी अवश्य मिलती है। विद्यालय के चेयरमैन श्री रमेश कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को अगामी जीवन में मेहनत करने और अनुशासित तारीके से आने वाली कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना करने का होंसला दिया और जीवन में हमेशा आगे बढ़ते रहने और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री भीम सिंह शर्मा ने विद्यार्थियों को इस अवसर पर उन्हें सफल जीवन और संघर्ष भरे जीवन के बारे में प्रकाश डालते हुए अनेक महापुरुषों के बारे में बताया और उनके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। विद्यालय की उपप्रधानाचार्य श्रीमती राजबाला शर्मा ने विद्यार्थियों का विशेष तौर पर सफल विदाई समारोह के लिए धन्यवाद दिया। अध्यापक वृंद ने इस समारोह का भारपुर आनंद उठाया और विद्यार्थी द्वार दिए गए उपहारों के लिए विशेष तौर पर धन्यवाद किया।

# सेंट कबीर विद्यालय के प्री-प्राइमरी विद्यार्थियों का हिंदी ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** सेंट कबीर विद्यालय में प्री-प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने 'सिल्वर जोन' द्वारा आयोजित हिंदी ओलंपियाड में 10 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक व 4 कांस्य पदक जीत कर विद्यालय को गौरवनवित किया। विजयी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती नीरु महतानी ने बच्चों को बधाई दी।

# आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** डाबड़ा रोड स्थित आईडी डीएवी पब्लिक स्कूल, हिसार में विद्यालय स्तर पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले कक्षा तीसरी से पांचवीं के विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में अभिभावकों को विद्यालय में आमंत्रित कर यज्ञ का आयोजन किया गया। सभी छात्रों, अभिभावकों व अध्यापकों ने विश्व मंगल की कामना से यज्ञ में आहुतियां डाली व ईश्वर से आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय में संपूर्ण शैक्षणिक सत्र में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले छात्रों को उनके अभिभावकों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। डी.ए.वी. एच.आर. ज़ोन-ई की क्षेत्रीय सहायक निदेशिका श्रीमती सुनीता बहल ने विजेता छात्रों को जीवन में सदैव आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम गर्ग ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया व जीवन में आने वाली सभी चुनौतियों का दृढ़तापूर्वक सामना करते हुए अपना लक्ष्य प्राप्त करने का मंत्र दिया। मुख्य पर्यवेक्षिका श्रीमती मोनिका शर्मा ने छात्रों की उपलब्धियों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ट्रैफिक नियमों का पालन करने की फूल देकर मदद ने दिलाई लोगों को शपथ

## मात्र 20 प्रतिशत दोपहिया वालन चालक हैलमेट का प्रयोग करते हैं : संजीव भोजराज



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** मदद संस्था ने स्थानीय साउथ बाईपास भोजराज चौक पर लोगों को फूल देकर ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष संजीव भोजराज ने बताया कि हैरानी की बात है कि मात्र 20 प्रतिशत लोग ही यातायात नियमों का पालन करते हैं, जबकि आए दिन सड़क हादसों में इजाफा होता जा रहा है। दोपहिया वाहन चालक हैलमेट का प्रयोग ना के बराबर करते हैं, जिससे अक्सर सड़क दुर्घटना में लोग अपनी जान गंवा देते हैं। अगर दोपहिया वाहन चालक पूरी तरह से हैलमेट का प्रयोग करें तो सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के आंकड़ों में काफी कमी आएगी। संजीव भोजराज ने पुलिस प्रशासन से अपील की कि लोगों का चालान काटने की बजाय यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने की ज्यादा जरूरत है। अगर सभी लोग जागरूक होंगे तो वो नियमों का पालन भी करेंगे। मदद संस्था का प्रयास है कि लोगों को इसके लिए प्रेरित किया जाए। इसी कड़ी में आज सुबह 11 बजे तोशाम रोड़ स्थित भोजराज चौक पर दोपहिया वाहन चालक जो हैलमेट बिना चल रहे थे उनको फूल देकर उनसे नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। इस दौरान संस्था के सदस्य जसवंत धिमान, सोनू चौटीवाल, रणजीत छाबड़ा, रवि, सोनू आदि मौजूद थे।

# किसानों ने चौधरीवास टोल पर ट्रैक्टरों से निकाला मार्च : दिलबाग हुड्डा लूदास



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** गत सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर सभी टोल पर और सभी हाईवे लिंक रोड चौकों पर ट्रैक्टरों के साथ मार्च पास्ट किया गया। दिलबाग हुड्डा ने बताया कि नलवा हलके के गांव के सैंकड़ों की संख्या में ट्रैक्टरों सहित चौधरीवास टोल प्लाजा से भेरिया गांव तक ट्रैक्टरों ने विरोध स्वरूप मार्च पास्ट किया। इस अवसर पर रणधीर बामल, सतीश कुमार, सतवीर पूनिया, दिलबाग हुड्डा लूदास, अनिल गोरछी, विकास गावड, अनिल उर्फ सुगड़, धर्मवीर पहलवान स्याडवा, मुकेश डाया, रोशन, मांगे राम मय्यड़, तेलु राम व समस्त भेरियां गांव आदि भारी संख्या में किसान मजदूर मौजूद रहे।

# श्री श्याम मंदिर में श्री श्याम भगत मेला 11 से 21 मार्च तक चलेगा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** श्री श्याम मंदिर में 11 दिवसीय श्री श्याम भगत मेला 11 मार्च से शुरू होगा। आजाद नगर के पास स्थित किसान कॉलोनी में स्थापित श्री श्याम मंदिर में निशान यात्रा के साथ इस मेले की शुरुआत की जाएगी। 11 मार्च को प्रोफेसर कॉलोनी की गली नं. 1 से दोपहर 12.15 बजे निशान यात्रा चलेगी। ध्वज थामे हुए और जयघोष करते हुए श्रद्धालु निशान यात्रा लेकर किसान कॉलोनी के श्री श्याम मंदिर में पहुंचेंगे। मंजू शर्मा निशान यात्रा का संयोजन करेंगी। निशान यात्रा के समापन पर सभी श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया जाएगा। 12 मार्च से 20 मार्च तक हर रोज दोपहर 3.15 बजे से सायं 6 बजे तक कथा प्रवक्ता महाराज शैलेंद्र पराशर श्री रामकथा करेंगे। 21 मार्च को प्रातः 11.15 बजे से अटूट भंडारा शुरू किया जाएगा। मंदिर के महंत गोकुलदास व संयोजक जगदीश तायल ने बताया कि भक्तों की श्री श्याम बाबा और प्रभु श्रीराम के प्रति अगाध आस्था है। इसी आस्था के चलते श्री श्याम मंदिर में 11 मार्च से 21 मार्च तक 11 दिवसीय श्री श्याम भगत मेला आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस भगत मेले में किसान कॉलोनी, आजाद नगर, प्रोफेसर कॉलोनी, नवदीप कॉलोनी, कैमरी व गंगवा सहित हिसार व अन्य जिलों के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु शिरकत करेंगे।

# संत रविदास का जीवन बड़ा प्रेरणादायी : ढालिया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 27 फरवरी :** संत शिरोमणी गुरु रविदास जी का 647वां जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धापूर्वक, भावभीनी एवं हर्षोल्लास के साथ स्थानीय अमर मार्किट में मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया, उनकी जय-जयकार के उद्घोष किये गये, एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, तत्पश्चात् हजारो श्रद्धालुओं ने लंगर प्रसाद चखा एवं उनके बताये गये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस समस्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी हांसी मण्डल के अध्यक्ष एवं रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य अशोक ढालिया रहे। मण्डल अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद अशोक ढालिया ने सैकड़ो गुरु रविदास जी के अनुयायियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज से सैंकड़ों वर्ष पूर्व संत शिरोमणी गुरु रविदास जी ने कहा था ''मन चंगा तो कठौती में गंगा'' इसका अभिप्राय यह था कि हमें अपने मन, वचन एवं कर्म को इतना प्रभावशाली एवं शक्तिशाली बनाना चाहिए कि हम समाज के शोषित वर्ग गा उत्थान कर सके और यह तभी सम्भव होगा कि हमारा हृदय स्वच्छ, कोमल एवं प्रेम से भरा हुआ हो। अगर हमारा मन स्वच्छ होगा, तो उपयोग में लाया हुआ पानी भी गंगाजल बन जायेगा। गुरु रविदास जी ने समाज को प्रेरणादायी, संदेश देकर गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर जीनगर समाज हांसी के प्रधान ज्ञानी राम डाबी, दयाराम गेहलोत, आशाराम डाबी, समाजसेवी वेद बेरवाल, संतलाल सुंकरिया, कालू सिसोदिया, प्रकाश मीचू, महेन्द्र चौहान, राजू चायल, हरि राम मौर्या, रामजी लाल ढालिया, श्याम लाल डाबी, आलोक बेरवाल, राजकुमार डाबी, सोनू जोया, सुरेश ढालिया, शम्भू गेहलोत, मोनू जैन, नितिन कौशिक, ओ.पी. बागोरिया, शीतल सिंगला, गुलशन जुलाहा, विनोद सपड़ा, तारा चन्द बिवाल, यशपाल, प्रभू डाबी, त्रिलोक खत्री नरेश जाटव, राधेश्याम डाबी, मदन जाटव, सीता राम चायल, दीपक सिकरीवाल, दयानन्द बेरवाल, बिल्लु घौलपुरिया, नरेन्द्र सहित सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# प्रदेश में आज कोई भी सुरक्षित नहीं : प्रमोद बागड़ी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी की सरेआम गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना ने प्रदेश की कानून व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। यह बात आज इनेलो के वरिष्ठ नेता एडवोकेट प्रमोद बागड़ी ने एक बयान जारी कर कही। बयान में उन्होंने कहा कि यह घटना प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति को दर्शाता है। इस घटना ने स्पष्ट कर दिया कि कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है और प्रदेश में जंगलराज कायम हो चुका है। प्रदेश में आज कोई भी अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहा है। इनेलो नेता प्रमोद बागड़ी ने कहा कि नफे सिंह राठी ने हाल ही में सीएम, गृहमंत्री, डीजीपी और कमिश्नर को खुद पर होने वाले हमले की आशंका जताते हुए सुरक्षा की मांग की थी। उस समय तो सरकार ने राजनीति की और सुरक्षा नहीं दी।

# खान सुरक्षा सप्ताह के फाइनल डे पुरस्कार समारोह में विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** हिसार के गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में माइंस सेफ्टी वीक समारोह का फाइनल डे एंड प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री सतीश डी चिद्दरवार उप महानिदेशक खान सुरक्षा उत्तरी क्षेत्र गाजियाबाद, HSIIDC के विभागाध्यक्ष (माइनिंग) श्री मनोज पाल सिंह व श्री संदीप श्रीवास्तव, श्री प्रकाश कुमार, श्री ए वेंकट सुब्बाराव, श्री संजीव कुमार नोमूला निदेशक खान सुरक्षा, गाज़ियाबाद व श्रीनगर क्षेत्र व श्री ए.रामबाबू, श्री मुख्तार अहमद, श्री एलंगो रामचन्द्रन, श्री उमेश कुमार साहू, श्री रूपेश सिंह मेहता, श्रीअमृतराव पोथुराजू, उप निदेशक खान सुरक्षा गाज़ियाबाद एचएचआईडीसी के अतिरिक्त प्रबंधक निदेशक श्री अश्वनी गुप्ताजी आदि ने सेफ्टी के बारे में अपने-अपने अनुभव बताएं व कामगारों को सुरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देशों से अवगत करवाया। चौतीवां खान सप्ताह (18 से 24 फरवरी) तक चलाया गया है जिसका अतिंम पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमें एचएसआईआईडीसी खानक माईनस टीम ने ओवर ऑल चैंपियनशिप जीत सफलता हासिल की थी। प्रतियोगिता में गाजियाबाद व श्री नगर नगर रिजन से सौ से खदानों के अलग-अलग लोगों व कर्मचारियों ने भाग लिया था। जिसमें माईनस के सैफटी पुवाइट व रखरखाव करने बारे में प्रतियोगिता रखी गई थी। इस खान सुरक्षा सप्ताह के फाइनल डे पुरस्कार समारोह में विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## Name Change

I, Jagdish Chander S/o Kurra Ram R/o H. No. 559, Sirsa Road, Housing Board Colony, Hisar declare that I have changed my name from Jagdish Chander to Jagdish Chander Verma for all future purpose.

- Deponent

## सार्वजनिक सूचना

मैं, संदीप मिनोचा पुत्र श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री अमरनाथ, निवासी मकान नं. 218/11-ए शांति नगर, हिसार, तह. व जिला हिसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पिता श्री कृष्ण लाल का देहांत 27.7.2014 को हो चुका है। मेरी दादी श्रीमति शीला देवी पत्नी श्री अमरनाथ का देहांत 22.4.2011 को हो चुका है। यह है कि श्री कृष्ण लाल के वारसान में श्रीमती सरोज बाला विधवा व संदीप मिनोचा पुत्र व प्रियंका नागपाल-मंजरी धमीजा पुत्रियान श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री अमरनाथ हैं। उपरोक्त चार वारसान के इलावा श्री कृष्ण लाल का अन्य कोई कानूनी वारिस न है। अगर कोई वारिस बनकर किसी प्रकार से कोई कलेम या दावा करेगा तो उसकी तमाम मेरी जिम्मेवारी होगी।

-शपथकार

## Name Change

I, Parveen Kumar S/o Ram Niwas R/o 132, M.C. Colony, Hisar declare that I have changed my name from Parveen Kumar to PARVEEN BANSAL for all future purpose.

- Deponent

## बेदखली सूचना

मैं, नरेश कुमार पुत्र श्री दूनीराम, निवासी चार कुतुब गेट, हांसी, तह. हांसी, जिला हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र नितिन व उसकी धर्मपत्नी श्रीमती सुरभी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैंने इन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार

## बेदखली सूचना

मैं, साधुराम पुत्र श्री भगत राम पुत्र सुरजाराम, निवासी गांव बालसमंद, तह. बालसमंद, जिला हिसार, हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पुत्र दयानन्द मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैंने उसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

-शपथकार

## नाम परिवर्तन

मैं, रमेश गुप्ता पुत्र श्री राम भगत, निवासी मकान नं. 475, प्रीति नगर, हिसार, हरियाणा सूचित करता हूं कि मेरे सभी कागजात जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि में मेरा नाम रमेश गुप्ता दर्ज है। अब मैं अपने पासपोर्ट में अपना नाम रमेश कुमार से रमेश गुप्ता करवाना चाहता हूं। उक्त रमेश कुमार व रमेश गुप्ता दोनों मेरे ही नाम हैं। भविष्य में मुझे रमेश गुप्ता के नाम से ही जाना जाए।








डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573





# यारी इंटरनेशनल व इंडिया का शिक्षा, स्वास्थ्य तथा गरीबी उन्मूलन के लिए प्रशंसनीय कार्य



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी (देवेन्द्र उप्पल) :** यारी इंटरनेशल संस्था गरीब बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को लेकर लगातार सराहनीय काम करती आ रही है। उसी दिशा में आज यारी इंटरनेशलन संस्था के संयोजक रणबीर लोहान हिसार आए और उन्होंने अजय दूहन को अमेरिका भेजने के लिए वीजा प्रदान किया। उन्होंने बताया कि अजय दूहन को संस्था की तरफ से एमबीए के लिए अमेरिका भेजा जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने अजय दूहन को अपनी शिक्षा पूरी करने के लिए आशीर्वाद भी दिया। उन्होंने बताया कि यारी इंटरनेशनल संस्था कई साल से जरूरतमंद लोगों के लिए काम कर रही है। अमेरिका में डॉ. जसबीर लोहान संस्था का कार्यभार संभाल रहे हैं और इंडिया में उनके भाई रणबीर लोहान यारी इंटरनेशनल संस्था को आगे बढ़ा रहे हैं। संस्था के संयोजक रणबीर लोहान ने बताया कि इंडिया में हमारी संस्था की 40 ब्रांच हैं जो जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हर समय तैयार रहती है। यारी इंटरनेशनल संस्था ने अमेरिका में 18 लोगों को मौत के मुंह में जाने से बचाया वहीं इंडिया में 350 बच्चों को मौत के मुंह में जाने से बचाया। बच्चे गंभीर बीमारी से ग्रस्त थे। किसी की रीढ की हड्डी ने काम करना बंद कर दिया था तो कोई ऐसी बीमारी की चपेट में था जो उसकी जान भी ले सकती थी। उन सभी को संस्था के खर्चे पर इलाज की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। आज वह सभी स्वस्थ हैं। उदाहरण के तौर पर एक सात साल के बच्चे की किडनी खराब हो चुकी थी। उस परिवार के पास इलाज करवाने के लिए पैसा भी नहीं था। संस्था ने हिसार में सभी अस्पतालों में उसका इलाज करवाया लेकिन हिसार के डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। उसके बाद उस बच्चों को संस्था की तरफ से चंडीगढ़ ले जाया गया जहां चंडीगढ़ पीजीआई में उसका इलाज चला। बच्चे को 3 महीने तक आईसीयू में रखा गया और वह स्वस्थ हो गया। वहीं संस्था ने शिक्षा की दिशा में भी अनेक कार्य किए हैं। 200 बच्चों को 30 लाख रुपये से ज्यादा के पैकेज वाले कोर्स को भी करीब 6 लाख रुपये में करवाकर उन लोगों की मदद की है जो गरीबी के कारण अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देने में असर्थ होते हैं। इस अवसर पर स्थानीय प्रभारी सत्यवान लोहान और कविता भी उपस्थित रहीं।

### हिसार में जजपा कार्यालय का उदघाटन करने पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष

# ना कांग्रेस, ना आप, एनडीए पर करो विश्वास : अजय चौटाला

**कार्यकर्ताओं से अपील, हर गांव में प्रचार कमेटी और हर बूथ पर बूथ योद्धा व बूथ सखी बनाओ**






**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी (चन्द्रबाला):** जननायक जनता पार्टी ताऊ देवीलाल के सोच और सिद्धांतों की पार्टी है। पार्टी की नीतियों व कार्यों को हर गांव व हर घर तक पहुंचाने के लिए हर गांव में प्रचार प्रसार की एक टीम बनाओ। चुनाव प्रबंधन के लिए हर बूथ पर एक बूथ योद्धा और एक बूथ सखी तैयार करो। किसानों के बीच जाकर उनको भरोसा दिलाओ कि कांग्रेस और आप नहीं बल्कि जजपा ही उनके हितों की रक्षक थी, है और रहेगी। यह बात जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने हिसार के पुरानी कचहरी क्षेत्र में नवनिर्मित पार्टी कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

डॉ. अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस को प्रदेश की जनता बिल्कुल नकार चुकी है। इसलिए आने वाला चुनाव हमारे लिए 'मिशन 2024-दुष्यन्त' को सफल बनाने का सुनहरा मौका है। घर-घर पार्टी का प्रचार करते हुए रूठे हुए पुराने लोगों को मनाओ, नए लोगों को पार्टी के साथ जोड़ों और संगठन को मजबूत करो। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जजपा प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने कहा कि हरियाणा में एनडीए दस की दस लोकसभा सीटों पर सबसे मजबूत है इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता पूरे जोश से चुनाव प्रचार अभियान में जुट जाएं।

पार्टी जिलाध्यक्ष अमित बूरा व जिला प्रभारी मा. ताराचंद ने अपने संबोधन में कहा कि जल्द ही हिसार जिले में बूथ योद्धा और बूथ सखी बनाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिसार के सभी सात विधानसभा क्षेत्र में प्रचार टीमें बना कर पार्टी की नीतियों व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में किये गए जनकल्याणकारी कार्यों का जोर-शोर से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजमल काजल, सुनील मूंड, अजीत ओडीएम, रमेश गोदारा, करण सिंह देपल, सत्यवान बिछपड़ी, वीरेन्द्र चौधरी भोजराज, अनिल बलकिया, तरुण गोयल, सत्यवान कोहाड़, रमेश जाखोद, धर्मपाल एक्सईएन, सुमित्रा मंगाली, चित्रा डाबड़ा, राधिका गोदारा, शिव कुलाना, जितेंद्र भ्याणा, सज्जन लावट, सतपाल पानू, मुंशीराम बैनीवाल, राहुल मक्कड़, राजेश झाझड़िया, शगुन भारद्वाज, सुभाष बेरवाल, कैप्टन छाजू राम, राजेन्द्र चहल, रामकुमार भट्ट, सोमबीर श्योराण आदि मौजूद थे।

# तीसरी बार सरकार लाने के लिए कार्यकर्ता जी-जान से जुट जाएं : गोल्डी सैनी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोल्डी सैनी ने अपने प्रवास कार्यक्रम के तहत आज हिसार में मोर्चा के सिटी मंडल व सब्जी मंडी मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर की। सैनियान मोहल्ला में आयोजित मोर्चा के सब्जी मंडी मंडल की बैठक को संबोधित करते हुए गोल्डी सैनी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में भाजपा की सरकार दिनों दिन नए आयाम स्थापित कर रही है। हरियाणा प्रदेश में लगातार विकास कार्य चल रहे हैं। आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 10 सीटों पर भाजपा प्रत्याशी विजयी होंगे। इसके अलावा आने वाले विधानसभा चुनावों में प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। पार्टी की नीतियों के प्रचार प्रसार के लिए कार्यकर्ता जी-जान से जुट जाएं। बैठक में ओबीसी मोर्चा सब्जी मंडी मंडल के अध्यक्ष अंबिका प्रसाद, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, महामंत्री सीताराम सैनी, मंत्री संदीप कुमार व बिजेंद्र, मीडिया प्रभारी सुशील सैनी खोवाल, कोषाध्यक्ष नरेश दुहनिया, सदस्य बालकिशन, सुभाष, रमेश सैनी आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा मोर्चा की सिटी मंडल की बैठक खजांचियान बाजार में सिटी मंडल के अध्यक्ष धीरज सोनी की अध्यक्षता में हुई जिसमें कार्यकर्ताओं से पार्टी संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया गया। बैठक में वरिष्ठ नेता सुरेंद्र सिंह सैनी, एडवोकेट नितिन पवार, मोहित सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा

**कार्यकारिणी में चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, छह सचिव, एक कोषाध्यक्ष सहित 15 पदाधिकारी बनाई गई**

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुनीता रेड्डू ने कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शनी एवं जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ से विचार-विमर्श के बाद घोषित कार्यकारिणी में चार उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, छह सचिव, एक कोषाध्यक्ष सहित 15 पदाधिकारी बनाई गई हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि कार्यकारिणी में मीना शर्मा, निर्मला देवी, सीमा शर्मा व सुमन यादव को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा सीमा चांवरिया व उषा सिंह को महामंत्री, मुकेश देवी, नीलम फूलकुमारी, सुमन सैनी, कमलेश व आशा चुघ को सचिव बनाया गया है। विद्या देवी को कोषाध्यक्ष, किरण सैन को आईटी प्रमुख व मोनिका को सोशल मीडिया प्रमुख नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति् पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शनी व अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के विश्वास पर खरा उतरते हुए पार्टी की नीतियों के अनुसार काम करते हुए केन्द्र व प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने में अपना पूर्ण योगदान देंगी।

# शहीद भगत सिंह संगठन समिति, हांसी ने मनाई शहीद चन्द्रशेखर आजाद की 118वीं जयन्ती



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 27 फरवरी :** शहीद भगत सिंह संगठन समिति हांसी के प्रधान सरदार कृष्ण सिंह इलावादी की अध्यक्षता में बजरंग आश्रम हांसी में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की 118वीं जयन्ती किशोरी नागपाल की अगुवाई में सभी पदाधिकारियों की देख रेख में मनाई गई। इस मौके पर अनुराग पत्रकार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की तथा ज्योत प्रज्जवलित पत्रकार केशव धमीजा ने की। प्रधान सरदार इलावादी व किशोरी नागपाल ने कहा कि आज के दिन 27 फरवरी, 1931 को चन्द्रशेखर आजाद ने अपने आपको स्वयं गोली मारकर देश को अंग्रेजी हकूमत से आजाद कराने के लिए कुर्बानी दी। चन्द्रशेखर आजाद ने कहा कि मैं आजाद हुआ हूं और हमेशा आजाद ही रहूंगा और आजाद ही मरूंगा। इस अवसर पर कंवल शास्त्री, गुलशन अरोड़ा, रामनारायण तंवर, हमेश खुराना, रामस्वरूप खट्टर, युवा प्रधान जस्सी मक्कड़, उप-प्रधान चन्दन अरोडा, डॉ नन्द किशोर अरोड़ा, जगन्नाथ खट्टर, रामधन ठकराल, रामप्रकाश, जगन्नाथ चौड़ा, पवन इलावादी, दयानन्द नागपाल, अनुराग पत्रकार, केशव धमीजा, कर्ण सिंह राठौड, कर्मवीर पुट्ठी, अशोक इलावादी, हरीश इलावादी, प्रेम गुलाटी आदि उपस्थित थे।

# स्प्रिंग फील्ड स्कूल में रॉलर स्केटिंग प्रतियोगिता




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** विगत दिवस स्प्रिंग फील्ड स्कूल में रॉलर स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में यूकेजी से 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें लड़कियों की अलग और लड़कों की अलग रेस करवाई गई। स्केटिंग मास्टर राजकुमार का कहना है कि गत वर्षों से स्केटिंग का महत्व बहुत बढ़ चुका है। हर वर्ग के लोग इसमें दिलचस्पी रखते हैं। प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थियों को स्कूल की प्राचार्या श्रीमती नीरज खन्ना व डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ खन्ना ने ट्राफियां दी व बच्चों का धन्यवाद किया। अंत में उन्होंने कहा कि खेलकूद से बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। इससे बच्चों में अनुशासन की भावना पैदा होती है। अनुशासन मानवीय चरित्र में मील का पत्थर साबित होता है।

# सुरेंद्र सिंह सैनी भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बने



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 27 फरवरी :** भारतीय जनता पार्टी, हरियाणा के ओबीसी मोर्चा ने हिसार निवासी व वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह सैनी को ओबीसी मोर्चा की हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य नियुक्त किया है। भाजपा हरियाणा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व राज्य मंत्री कर्ण देव कंबोज ने सुरेंद्र सिंह सैनी की नियुक्ति करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी है। मोर्चा के जिला अध्यक्ष गोल्डी सैनी ने सुरेंद्र सिंह सैनी का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। सुरेंद्र सिंह सैनी ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी दी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा व मेहनत से निभाएंगे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।





